कहने की ज़रूरत नहीं कि मैं भारत हवाई जहाज़ से आऊँगी । दिल्ली पहुँचने पर तुम को फ़ोन करूँगी । दिल्ली में दो-तीन दिन ठहरने के बाद मैं रेलगाड़ी से बनारस जाऊँगी । उषा मुझसे मिलने स्टेशन आएगी । गाड़ी उधर बहुत सवेरे पहुँचती है ।"उषा काल" को उषा के दर्शन ! मैं उषा को नहीं जानती; उसे कैसे पहचानूँगी, समझ में नहीं आता । शायद राजेश्वरी के पास उसका कोई पुराना फ़ोटो होगा । उषा का पति विश्वविद्यालय में इतिहास का प्राध्यापक है । राजेश्वरी का कहना है कि पति-पत्नी में बहुत झगड़ा होता है । तीन बच्चे भी हैं, छोटे-बड़े । ऐसे घर में मेहमान बनना कैसा होगा, मालूम नहीं ! ख़ैर, अगर तुम्हारे पास समय होगा, तो तुम भी कभी बनारस ज़रूर आना । दिल्ली पहुँचने पर तुम्हें फ़ोन करूँगी । अपना ध्यान रखना ।

तुम्हारी गीता

1- **Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.**